इलेक्ट्रिक वाहनों पर मिले सब्सिडी सीएम के सामने रखेंगे प्रस्ताव: तेज

राज्य जैव विविधता पर्षद की वेबसाइट का लोकार्पण

संवाददाता, पटना

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा है कि इलेक्ट्रिक वाहनों पर राज्य सरकार की तरफ से सब्सिडी मिलनी चाहिए. इसके लिए वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने प्रस्ताव रखेंगे. बेहतर पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण सहित राज्य में पौधारोपण बढ़ाने और पौधों के संरक्षण के बारे में उन्होंने कहा कि इसमें बेहतर उपलब्धि के लिए आम लोगों की भागीदारी जरूरी है. मिल-जुलकर काम करना चाहिए. मंत्री तेज प्रताप यादव शुक्रवार को पटना के अरण्य भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे. इस दौरान उन्होंने बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की वेबसाइट सहित कई पत्रिकाओं का लोकार्पण किया. तेजप्रताप यादव ने कहा कि उन्होंने हाल ही में इलेक्ट्रिक वाहन के संबंध में एक प्रेजेंटेशन देखा है. इसमें पेट्रोल और डीजल से चलने वाली गाड़ियों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदला गया था. यह प्रेजेंटेशन अच्छा लगा. इस दौरान विभाग के प्रधान सचिव अरविंद चौधरी ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि राज्य में जैव विविधिता प्रबंधन समितियों के गठन का निर्देश दिया गया है. जिला स्तर पर भी समितियां गठित की जायेंगी.

राज्य जैव विविधता पर्षद की वेबसाइट व पत्रिकाओं का लोकार्पण करते तेज प्रताप.

21 नवंबर को सभी 8,058 पंचायतों में ग्रामसभा होगी आयोजित : समारोह में बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के अध्यक्ष डॉ डीके शुक्ला ने कहा कि 21 नवंबर को राज्य के सभी 8,058 पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित की जा रही है. इस सभा में छह सदस्य होंगे, जिसमें एक अध्यक्ष का चुनाव होगा. इस प्रकार पूरे राज्य में 51 हजार से अधिक सदस्य जैव विविधता तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करेंगे. डॉ शुक्ला ने बताया कि मंत्री तेज प्रताप यादव ने 'वृक्षों को मित्र बनायें मार्गदर्शिका', 'प्राकृतिक वातावरण में पक्षी अवलोकन मार्गदर्शिका', जैव विविधता प्रबंधन समिति के गठन से संबंधित दिशा-निर्देश और समिति के गठन की कार्यवाही को ऑनलाइन अपलोड करने के लिए सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया.

प्रभात खबर
Sat, 19 November 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70903426